पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल से मिले भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी

अपनी शिक्षा का उपयोग पुलिस सेवा में कैसे कर सकते हैं, विचार करें

तटस्थ एवं निष्पक्ष होकर कार्य करें– राज्यपाल

लखनऊ : 19 दिसम्बर, 2019

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से भारतीय पुलिस सेवा (बैच 2018) के 15 प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्री सुजान वीर सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, श्री एस0एन0 तरडे उपस्थित थे।

राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विशाल राज्य है, जहाँ आपको सीधे जनता से जुड़कर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का कार्य चुनौतीपूर्ण है। अपने काम से लोगों में विश्वास बनायें, अपने दायित्व और कर्तव्य पर ध्यान रखते हुए जनता के साथ निरन्तर सम्पर्क में रहें। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि जनता में दोस्त की तरह होनी चाहिए। जनता के प्रति सदैव संवेदनशील रहें।

श्रीमती पटेल ने कहा कि पुलिस अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को महसूस करते हुये तटस्थ, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से कार्य करें। किसी के दबाव में आकर कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी के साथ किसी प्रकार का अन्याय हो। आम आदमी को पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने में मुश्किल नहीं होनी चाहिए। जनता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई कर कमजोर वर्ग को न्याय दिलाने में मदद करें। आप अपनी शिक्षा का उपयोग पुलिस सेवा को बेहतर बनाने में कैसे कर सकते हैं, इस पर विचार करें। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी के कारण पुलिस अधिकारियों पर मानसिक दबाव भी बहुत होता है, ऐसे में अपने अधीनस्थों की तकलीफों एवं जरूरतों का भी ध्यान रखें।

राज्यपाल से भेंट करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों में श्री अभिमन्यु मांगलिक, श्री अभिषेक कुमार अग्रवाल, श्री अनिल कुमार यादव, सुश्री अंकिता शर्मा, श्री पालेश बंसल, सुश्री प्राची सिंह, श्री राहुल भाटी, श्री साद मियां खान, श्री चन्द्रकांत मीना, श्री संतोष कुमार मीना, श्री सोमेन्द्र मीना, श्री सूरज कुमार राय, श्री संदीप कुमार मीना, श्री सय्यद अली अब्बास एवं श्री विकास कुमार शामिल थे।

———

ओ0पी0राय/राजभवन (97/12)